राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(पी–247) अलेसे–I/ 887 दिनांकः– 25/07/2022

## आदेश

विभागीय आदेश संख्या 443/2021–22 दिनांक 17.08.2021 के द्वारा श्री प्रेम प्रकाश आर्य, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण कार्यालय अधीक्षक, जे.के.लॉन चिकित्सालय, जयपुर से कार्यालय आयुक्त, पंचायती राज विभाग, जयपुर में किये जाने के अनुसरण में श्री आर्य ने दिनांक 31.01.2022 को कार्यालय आयुक्त, पंचायती राज विभाग, जयपुर में कार्यग्रहण किया, किन्तु उक्त कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का पद रिक्त नहीं होने के कारण श्री आर्य को दिनांक 07.02.2022 को इस निदेशालय के लिये कार्यमुक्त किये जाने के फलस्वरूप श्री आर्य ने दिनांक 09.02.2022 को इस निदेशालय में कार्यग्रहण किया। विभागीय आदेश संख्या 76/2021–22 दिनांक 14.02.2022 द्वारा श्री आर्य का पदस्थापन विधि विभाग, सचिवालय, जयपुर में किया गया। उक्त आदेश के अनुसरण में श्री आर्य द्वारा दिनांक 05.02.2022 से 18.02.2022 तक का उपार्जित अवकाश एवं दिनांक 19.02.2022 एवं 20.02.2022 का क्रमशः शनिवार व रविवार के राजपत्रित अवकाश पर रहने के उपरांत दिनांक 21.02.2022 को निदेशक, विधि विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर में कार्यग्रहण किया। इस प्रकार श्री आर्य दिनांक 09.02.2022 से दिनांक 14.02.2022 तक इस निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थित रहे हैं।

अतः कॉलम संख्या 04 में अंकित उक्त आदेशों की प्रतीक्षा अवधि को राजस्थान सेवा नियमों के नियम 7(8)(बी)(III) के अन्तर्गत कर्तव्य मानते हुए कॉलम संख्या 06 में अंकित अवधि के वेतन आहरण की स्वीकृति कॉलम संख्या 05 में अंकित कार्यालय से एतद् द्वारा प्रदान की जाती हैः–

| क. सं. | लिंक नं. | नाम/पदनाम | आदेशों की प्रतीक्षा अवधि | विभाग/कार्यालय जहां से वेतन भुगतान किया जाना है | अवधि/माह जिसका वेतन भुगतान किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 4852 | श्री प्रेम प्रकाश आर्य, **सहायक लेखाधिकारी** ग्रेड–I | दिनांक 09.02.2022 से 14.02.2022 | निदेशक, विधि विभाग, सचिवालय, जयपुर | दिनांक 29.01.2022 से 20.02.2022 तक |

साथ ही श्री आर्य के अवकाश आवेदन पत्र के अनुसार इनका दिनांक 08.02.2022, दिनांक 15.02.2022 से 18.02.2022 तक (05 दिवस) का उपार्जित अवकाश एवं दिनांक 19.02.2022 एवं 20.02.2022 का क्रमशः शनिवार व रविवार के राजपत्रित अवकाश के उपभोग की अनुमति प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(पी–247) अलेसे–I/ 887 दिनांकः– 25/07/2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निदेशक, विधि विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. श्री प्रेम प्रकाश आर्य, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय– निदेशक, विधि विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. रक्षित/निजी पत्रावली।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)